The validity period of the industrial licence has expired on 31-12-1981. M/s. Tata Chemicals Limited have requested for further extension in the validity period of the industrial licence upto 31st December, 1983. The Government are yet to take a decision on the request of the company.

**News-Item Captioned "Telegram arrives 6 months late"**

2653. SHRI MANGAL RAM PREMI : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item "telegram arrives 6 months late" appearing in the 'Indian Express' of 17 February, 1982 ;

(b) if so, reaction of Government thereto; and

(c) action taken, with details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI YOGENDRA MAKWANA) (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The matter is under investigation.

**राजस्थान में सिनेमाघरों के निर्माण के लिए ऋण/अनुदान**

2654. **श्री विरदाराम फुलवारिया : क्या सूचना और प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान के नगरों, कस्बों तथा गांवों में सिनेमा घरों की अपर्याप्त संख्या को ध्यान में रखते हुए सरकार ने वहां सिनेमा घरों के लिए ऋण तथा अनुदान देने हेतु कोई योजना तैयार की है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी पूर्ण ब्यौरा क्या है ?

**सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री वसन्त साठे) :** (क) सिनेमाघरों का निर्माण राज्य विषय है। तथापि, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम की राजस्थान सहित देश के सभी भागों में सिनेमाघरों के निर्माण के लिए ऋण प्रदान करने की एक योजना है।

(ख) इस योजना के अनुसार, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम ग्रामीण क्षेत्रों में 1 लाख रुपए तक के और शहरी क्षेत्रों में 7.50 लाख रुपए तक के ऋण देता है। ऋणों की अदायगी 5 वर्ष में की जानी होती है और इन पर $12\frac{1}{2}\%$ वार्षिक दर से ब्याज लिया जाता है। निगम को अपनी फिल्म के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए 50% तक प्रदर्शन समय का उपयोग करने का अधिकार है।

**राजस्थान में बिजली की प्रति व्यक्ति औसत खपत**

2655. **श्री चतुर्भुज** क्या ऊर्जा मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में 1981 तक बिजली की प्रति व्यक्ति औसत खपत क्या है ;

(ख) राष्ट्रीय औसत की तुलना में राजस्थान की बिजली की प्रति व्यक्ति औसत खपत क्या हैं ;

(ग) क्या बिजली की राष्ट्रीय औसत खपत तथा राजस्थान की औसत खपत को ध्यान में रखते हुए राज्य की औसत खपत में वृद्धि करने के लिए राज्य द्वारा भारत सरकार को कोई योजना भेजी गई है ; और